# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

## प्रेस–नोट

दिनांकः– **25.11.2025**

### ऑनलाईन विस्तृत आवेदन के संबंध में

निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा हेतु प्राध्यापक एवं कोच (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2024 के अंतर्गत **प्राध्यापक– इतिहास, जीव विज्ञान, रसायन एवं वाणिज्य** हेतु क्रमशः दिनांक 29.10.2025, 30.10.2025, 31.10.2025 तथा 03.11.2025 को जारी विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु प्रदत्त पूर्व अवसर के दौरान कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा विस्तृत आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं किये गये उन्हे ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु **दिनांक 26.11.2025 से 30.11.2025 (रात्रि 11:59)** तक अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जाता है। इस हेतु जरिये SMS द्वारा भी सूचित किया जा रहा है।

उक्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने SSO ID के माध्यम से recruitment portal पर My Recruitment  Detailed Form Cum Scrutiny  Apply Now का चयन कर अपना विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाईन भरें।

विस्तृत आवेदन–पत्र व दस्तावेजों की जाँच संबंधित विभाग (माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर) द्वारा ही की जायेगी। अतः ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने व सबमिट करने के उपरांत प्रिन्ट ऑप्शन पर जाकर सम्पूर्ण विस्तृत आवेदन पत्र को 02 प्रतियों में प्रिन्ट कर अपने पास संभाल कर रखें एवं माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर की सूचना के अनुसार निर्धारित दिनांक, समय व स्थान पर विस्तृत आवेदन–पत्र (दो प्रतियों में) मय समस्त मूल दस्तावेजों व स्वयं सत्यापित प्रतियों सहित उपस्थित होवें। इस हेतु संबंधित विभाग द्वारा ही उचित माध्यम से अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचित कराने की कार्यवाही सम्पादित की जायेगी एवं राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा अलग से कोई सूचना अभ्यर्थियों को प्रेषित नहीं की जायेगी। विभाग द्वारा दस्तावेज सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी को अपात्र मानते हुए परिणाम में विचारित नहीं किया जायेगा।

संबंधित विभाग से दस्तावेज जाँच/सत्यापन उपरांत, पात्र अभ्यर्थियों की सूची निदेशालय द्वारा आयोग को उपलब्ध कराई जायेगी, जिसके उपरांत आयोग द्वारा परिणाम जारी कर चयनित अभ्यर्थियों के नाम नियुक्ति हेतु निदेशालय को अभिस्तावित किये जायेंगे।

**(रामनिवास मेहता)**
**सचिव**